सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2026-27

कक्षा:-8	विषय: अमृत संचय	पाठ:8 अनमोल भेंट

प्रश्न 1. रामचरण बच्चे को घूमाने कहाँ ले गया था?

उत्तर - रामचरण शाम के समय बच्चे को उसकी सुंदर - सी गाड़ी में बिठाकर पद्मा नदी के किनारे पर घुमाने ले गया।

प्रश्न 2. घर की मालकिन ने उसे घर से क्यों से निकाल दिया?

उत्तर - घर की मालकिन ने उसे घर से इसलिए निकाल दिया क्योंकि मालकिन को लगता था, कि रामचरण ने उसका बच्चा चुरा लिया था है।

प्रश्न 3. रामचरण को क्यों लगता था कि उसके छोटे मालिक में ही उसके घर में जन्म लिया है।

उत्तर - रामचरण को पूर्ण विश्वास था कि उसके छोटे मालिक ने ही उसके घर जन्म लिया है। इस बात के उसके पास तीन प्रमाण थे। एक तो उसके पुत्र मालिक की मृत्यु के थोड़े ही समय पश्चात् उत्पन्न हुआ था। दूसरा यह कि उसकी पत्नी वृद्धि हो गई थी और संतान उत्पत्ति की कोई आशा नहीं थी। तीसरे बच्चे की भाव भंगिमा व बोलने का ढंग उनके नन्हे मालिक से मिलता था।

प्रश्न4.रामचरण का अपने पुत्र के प्रति कैसा व्यवहार था?

उत्तर - रामचरण ने उसे प्रेम तो किया- पिता की तरह किंतु बर्ताव मालिक के समान करता था।

प्रश्न 5. रामचरण ने अपने पुत्र को अनुकूल बाबू का पुत्र क्यों बना दिया?

उत्तर- रामचरण ने अपनी गलती का पश्चाताप करने के लिए अपने पुत्र को अनुकूल बाबू का पुत्र बना दिया।